# डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

## विश्व विज्ञान दिवस – 2025

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई ने शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ मनाया । इसका मुख्य उद्देश्य हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्त्व को उजागर करना और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जागरूकता एवं जिज्ञासा को बढ़ावा देना था ।

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई । पहली कक्षा की विद्यार्थियों ने मानव जीवन को बदलने वाले आविष्कारों को दर्शाने के लिए रंग–बिरंगे तख्तियों के साथ प्रसिद्ध वैज्ञानिक खोजों पर भाषण दिया । दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने रोज़मर्रा की ज़िंदगी में विज्ञान की भूमिका को दर्शाते हुए हास्यपूर्ण और प्रासंगिक दृश्यों के माध्यम से एक पारिवारिक नाटक प्रस्तुत किया । तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने मंच पर सरल व आकर्षक प्रयोग किए, जिससे छात्र–छात्राओं में विस्मय और जिज्ञासा जागृत हुई । चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक अग्रदूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महान अन्वेषकों की वेशभूषा में मंच पर आकर उनकी खोजों के बारे में जानकारी दी ।

ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भौतिकी और रसायन विज्ञान में आकर्षक एवं सूक्ष्म प्रयोग प्रस्तुत किए । एक तीव्र गति प्रश्नोत्तरी ने प्रतिभागियों के वैज्ञानिक ज्ञान और सूझबूझ का परीक्षण किया । एक अनूठे और मनोरंजक 'रैप बैटल' नामक कार्यक्रम द्वारा छात्र–छात्राओं ने रचनात्मकता और वैज्ञानिक तथ्यों का संयोजन किया, जिससे विज्ञान मज़ेदार और प्रासंगिक बन गया । कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण 'व्योम नेत्र–आकाश की ऑख' शीर्षक से प्रस्तुत विद्यार्थियों की परियोजना थी, जिसमें अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नवीनतन प्रगति की जानकारी दी गई । व्योम नेत्र एक अभूतपूर्व नवाचार है जो भारत के आकाश की सुरक्षा के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्त और सेंसर का संयोजन करता है । स्वदेशी तकनीक से निर्मित, यह हमारे राष्ट्र को सुरक्षित, मज़बूत और आत्मनिर्भर बना सकता है । यह समारोह एक ज्ञानवर्धक और प्रेरक अनुभव साबित हुआ, जिसने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक रूप से सोचने, जिज्ञासु बने रहने और नवीन विचारों की खोज करने के लिए प्रेरित किया ।

# डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

## विश्व विज्ञान दिवस – 2025





वैज्ञानिक अग्रदूतों को श्रद्धांजलि




वैज्ञानिक खोजों पर भाषण




तीव्र गति प्रश्नोत्तरी




परियोजना : व्योम नेत्र–आकाश की ऑख